2023/78

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17.07.2023	पत्रावली वकील अपीलांट्स द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मिसल तलब कर आवश्यक सुनवाई करने बाबत पर आज पेश हुई। अपीलांट राजाराम, सुरजाराम एवं उनके अधिवक्ता श्री पूनाराम विश्नोई उपस्थित। रेस्पोडेंट संख्या एक के अधिवक्ता श्री रोशनलाल, श्री लक्ष्मण विश्नोई एवं रेस्पोडेंट संख्या दो की ओर से राजकीय अधिवक्ता श्री दयाराम चौधरी उपस्थित। अपीलांट्स ने उपस्थिति स्वरूप अपने हस्ताक्षर आदेशिका पर किये तथा अपीलांट्स की पहचान उनके अधिवक्ता श्री पूनाराम विश्नोई द्वारा की गई। अपीलांट्स एवं उनके अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र अपील विड्रोल करने बाबत पेश कर निवेदन किया कि अपीलांट एवं प्रत्यर्थीगण के मध्य आपसी समझाईश से राजीनामा हो गया है एवं वादग्रस्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का विवाद नहीं रहा है, इस कारण अपीलार्थीगण उक्त अपील को जरिये राजीनाम विड्रोल करना चाहते है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावे एवं अपील जरिये विड्रोल खारिज फरमायी जावे। जवाब में रेस्पो. अधिवक्तागण ने अपील को जरिये विड्रोल खारिज किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया। उभय पक्ष के अधिवक्तागण की बहस पर मनन किया गया। प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। हस्तगत प्रकरण में उभय पक्ष मे समझाईश से राजीनामा होने से अपीलांट्स द्वारा अपील आगे नहीं चलाना चाहते है। इस पर रेस्पो. को कोई आपत्ति नहीं होने से न्याय हित में प्रार्थना पत्र अपील विड्रोल करने बाबत स्वीकार किया जाता है तथा अपील अपीलांट्स जरिये विड्रो खारिज की जाती है। अधीनस्थ न्यायालय को आदेश प्रति सूचनार्थ भिजवायी जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। राजस्व अपील प्राधिकारी जोधपुर	सुरजाराम राजाराम Identified by [illegible] Adv. 17/7/23